प्रीलिम्स फैक्ट्स : 08 नवंबर, 2018

drishtiias.com/hindi/printpdf/Prelims-facts-08-november-2018

'संघवारी' मतदान केंद्र

चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में महिला मतदाताओं को विधानसभा चुनाव में मतदान हेतु प्रोत्साहित करने के लिए 'संघवारी' मतदान केंद्रों की स्थापना की है।

- छत्तीसगढ़ की बोली में 'संघवारी' का अर्थ है 'मित्र'। अतः इन मतदान केंद्रों पर केवल महिला अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी जिसमें सुरक्षाकर्मी और पर्यवेक्षक भी शामिल हैं।
- चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5 संघवारी मतदान केंद्रों की स्थापना की है।
- उलेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में मतदाताओं की कुल संख्या 1 करोड़ 85 लाख है जिसमें 92 लाख महिला मतदाता शामिल हैं। राज्य में 90 निर्वाचन क्षेत्र हैं।

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम

नाम बदलने की प्रक्रिया को जारी रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ में नव निर्मित **इकाना इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम** का नाम बदल कर **भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम** कर दिया है।

- नामकरण के बाद इस स्टेडियम का उद्घाटन 6 नवंबर, 2018 को किया गया।
- इस स्टेडियम 50,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है।
- स्टेडियम का नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखा गया है क्योंकि वह 1991 और 2009 के बीच लगातार पाँच बार लखनऊ से सांसद चुने गए थे।